वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 26 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

दिल्ली दंगों में आई.बी. अधिकारी की दुःखद हत्या शर्मनाक

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली में आई बी के जवान की दंगाइयों द्वारा हत्या किए जाने पर गहरा शोक व्यक्त करती है। साथ ही सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा भड़काए गए दिल्ली दंगों में अपनी जान खोने वाले आम नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करती है तथा मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है।

यह अत्यंत दुखद है कि आपसी समरसता, समन्वय तथा सौहार्द वाले समाज को तहस-नहस करने के लिए आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, एआईएमआईएम आदि राजनीतिक दलों के नेताओं तथा शहरी माओवादियों के मिश्रित कूगठबंधन ने पूरे शहर के सुखद वातावरण में जहर घोलने का कार्य किया। सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन के नाम पर पूरे समाज के आपसी भाईचारे के ढांचे को गहरी चोट पहुंचाई, जिसकी वजह से दंगों में भारी जानमाल का नुकसान हुआ।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समाज के सभी लोगों से आह्वान करती है कि वह आपसी सौहार्द तथा भाईचारा कायम करने के लिए संगठित हों तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ एकजुट हो। सीएए के विरोध के नाम पर देश को घोर अराजकता की स्थिति में झोंकना अत्यंत दुखद है। हम सभी भारतवासियों को देश की एकजुटता के लिए खड़ा होना पड़ेगा, जिससे झूठ के आधार पर समाज तोड़ने वालों को हम करारा जवाब दे सकें।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)